तीन सौ करोड़ रुपये के निवेश से मथुरा में ऑक्सीजन प्लांट

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

2 यूपी में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन व लिक्विड नाइट्रोजन बनाने का प्लांट मथुरा में लगेगा। इस परियोजना में 300 करोड़ रुपये का निवेश होगा। साथ ही हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

योगी सरकार की नई ऑक्सीजन उत्पादन प्रोत्साहन नीति 2021 के तहत यह पहला बड़ा निजी निवेश है। औद्योगिक विकास विभाग की उच्चस्तरीय कमेटी ने इस परियोजना को मंजूरी दे दी है। अब कैबिनेट की बैठक में कंपनी को लेटर आफ कम्फर्ट जारी करने को अपनी मंजूरी दी जाएगी। कंपनी एयर लिक्विड नार्थ इंडिया अपना प्लांट 5.3 एकड़ जमीन पर लगाएगा। यहां लगने वाली न्यू एयर सपेरेशन यूनिट की क्षमता 132130 टन प्रति सालाना होगी। निवेशक को नीति के तहत मिलने वाली कैपिटल सब्सिडी व स्टांप ड्यूटी में छूट मिलेगी।

यूपी में अस्पतालों में ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति के लिए छोटे बड़े 548 प्लांट लग रहे हैं। इसमें 502 चालू भी हो गए हैं। योगी सरकार ने निजी क्षेत्र में ऑक्सीजन प्लांट के लिए नई नीति तय कर कई सहूलियतें देने का रास्ता साफ किया।